प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 23.02.2026 समय : 09:00 ए.एम.

....

- राष्ट्रपति भवन में आज राजाजी उत्सव मनाया जाएगा–स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर–जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा स्थापित की जायेगी।
- निर्वाचन आयोग की ओर से नई दिल्ली में राज्य चुनाव आयुक्तों का सम्मेलन आयोजित किया जायेगा।
- उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा–राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत बनाये रखना सरकार की प्राथमिकता।
- राज्य में दिन और रात के तापमान में बढोतरी से गर्मी का एहसास होने लगा है। ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पंहुचा।

....

राष्ट्रपति भवन में आज राजाजी उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर–जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा, राष्ट्रपति भवन के केंद्रीय प्रांगण में ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस की प्रतिमा की जगह स्थापित की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में कल इसका जिक्र करते हुए सी. राजगोपालाचारी को उन नेताओं में से एक बताया जिन्होंने सत्ता को पद नहीं बल्कि सेवा का रूप माना।

....

निर्वाचन आयोग की ओर से नई दिल्ली में राज्य चुनाव आयुक्तों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में, राज्य निर्वाचन आयुक्त, कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञ तथा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों के कामकाज में तालमेल को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, ईवीएम और मतदाता–सूची साझा करने पर चर्चा होगी।

....

राज्यविधानसभा में आज जनजातीय क्षेत्रीय विकास विभाग, उच्च शिक्षा विभाग और वन एवं पर्यावरण विभाग की अनुदान मांगों पर विचार और मतदान होगा। इसके अलावा विधायक मनीष यादव शाहपुरा में बंदरों के आतंक से उत्पन्न स्थिति के संबंध में ध्यानाकार्षण प्रस्ताव रखेंगे। वहीं विधायक अनिता भदेल विश्वकर्मा अंशदायी पेंशन प्रोत्साहन योजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधा से उत्पन्न स्थिति के संबंध में सरकार का ध्यान आकर्षित करेंगी। सदन में कई याचिकाओं का उपस्थापन भी किया जायेगा।

....

खैरथल तिजारा के जाट बहरोड़ गांव में कल शहीद सुरेंद्र सिंह तक्षक की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव, नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश वर्मा मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री यादव ने कहा कि शहीद की प्रतिमा देश के लिए दिये गये उनके बलिदान की याद दिलाती है। इससे युवाओं को प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री ने मुंडावर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 175 करोड़ रूपये की लागत के विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। बाद में पत्रकारों से बातचीत में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि ये शहीद सुरेन्द्र सिंह तक्षक को एक सच्ची श्रद्धाजंलि है कि उनके क्षेत्र में विकास कार्यो का लोकार्पण हुआ।

....

उप–मुख्यमंत्री और पर्यटन तथा संस्कृति मंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राज्य की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि लोक कलाओं को बचाये रखने के लिए संभाग और जिला स्तर पर जयपुर में आयोजित लोक कला संगम की तर्ज पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उप मुख्यमंत्री कल जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आयोजित 'लोक कला संगम'

कार्यक्रम के समापन के अवसर पर बोल रही थी। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोडने में इस तरह के कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

....

कोटा महोत्सव के तहत कल रात चंबल रिवर फ्रंट के पश्चिमी घाट पर चंबल महाआरती का आयोजन हुआ। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान 10 हजार मिट्टी के और 10 हजार आटे के दीपों से नदी में दीपदान किया गया। इस महाआरती को देखने और इसमें भाग लेने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे।

....

फाल्गुन के महीने में इन दिनों प्रदेश में जगह–जगह फागोत्सव के आयोजन हो रहे है। इन उत्सवों में भक्ति रंग और उल्लास का वातावरण छाया हुआ है। करौली से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां फागोत्सव के दौरान बृज होरी गायन की धूम है।

....

प्रदेश में दिन और रात के तापमान में बढोतरी के साथ ही गर्मी महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार ज्यादातर स्थानों पर अधिकतम तापमान 30 डिग्री से ऊपर रिकॉर्ड किया गया है। 34 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस के साथ बाडमेर सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं रात का तापमान भी 15 डिग्री सेल्सियस को पार कर रहा है। मौसम विभाग ने न्यूनतम और अधिकतम में 2 से 3 डिग्री की बढोतरी की संभावना व्यक्त की है। वहीं आज और कल राज्य के दक्षिण पूर्वी हिस्सों में आंशिक बादल छाये रहने के आसार है। आज जयपुर और सीकर तथा आस–पास के क्षेत्रों में गरज के साथ हल्की बरसात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इन स्थानों पर कहीं–कहीं आकाशीय बिजली गिर सकती है और तेज रफ्तार हवायें चलने की संभावना है।

....